# कार्यालय मुख्य अभियन्ता(हाइडिल)

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार
14–अशोक मार्ग, लखनऊ।
CIN : UP32201UP1999SGC024928

दूरभाष 0522–2288656

E Mail-ce.hydel@uppcl.org


संख्या-1274/27/Sec-7/CEH/PA2/E-7/VS दि0: 30.12.2024

**विषय-चयन-वर्ष 2024-25 हेतु तकनीशियन (टी० जी०-2) से अवर अभियन्ता (वि० एवं यॉ०) (सा०श्रे०) के पद पर चयन हेतु सूचना ERP Portal पर अपलोड/उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

**ई-मेल**
**(अति महत्वपूर्ण )**

**प्रबंध निदेशक,**
**मध्यांचल/पूर्वांचल / पश्चिमांचल / दक्षिणांचल / केस्को**
**विद्युत वितरण निगम लि0,**
**लखनऊ/वाराणसी / मेरठ/आगरा / कानपुर।**

**प्रबंध निदेशक,**
**उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि०,**
**शक्ति भवन, लखनऊ**

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि पूर्व में इस कार्यालय के पत्र संख्या 910-अ-7/मु0अ0(हा0)/चयन/2024 दिनांक 05.07.2024 के क्रम में दिनांक 30.06.2025 तक की स्थिति के अनुसार चयन-वर्ष 2024-25 हेतु तकनीशियन कार्मिकों की अवर अभियन्ता (वि० एवं यां०) के पद पर चयन हेतु सूचना ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड़ कराने हेतु सूची प्रेषित की गयी थी। विभिन्न संगठनों द्वारा प्रेषित शिकायतों को जांचने के उपरान्त पुनः सभी वितरण निगमों/ट्रांस्को से रिक्त पदों की सूची मांगी गयी जिसके क्रम में वितरण निगमों /ट्रांस्को से उपलब्ध करायी गयी 40 प्रतिशत एवं 8.33 प्रतिशत कोटे के अंतर्गत संशोधित रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है:-

| अवर अभियन्ता(वि0 एवं यां0) संवर्ग की रिक्तियां | | |
|---|---|---|
| **प्रोन्नति कोटा** | **अनारक्षित पद** | **दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पद (क्षैतिज आरक्षण)** |
| 40% | 183 | 9 |
| 8.33% | 0 | 0 |

वर्तमान में प्रचलित निगमादेश 530-विनियम एवं काविनि-29/पाकालि/2018-68-विनियम/15 दिनांक 03.10.2018 एवं आदेश सं0-187-विनियम एवं औस/पाकालि/09-9/विनियम/85 दिनांक 26.11.2009 में सन्निहित प्रावधानुसार कारपोरेशन स्तर पर गठित चयन समिति एवं इस कार्यालय स्तर पर चयन प्रक्रिया सम्पन्न की जानी है। जिस हेतु इस कार्यालय से निर्गत तकनीशियन कार्मिकों की अन्तिम संयुक्त वरिष्ठता सूची में 40% कोटे के अंतर्गत विचारित किये जाने वाले तकनीशियन कार्मिकों की सूची को संलग्न करते हुए इस आशय से प्रेषित है कि इन तकनीशियन कार्मिकों की अवर अभियन्ता के पद पर चयन हेतु निम्न बिन्दुओं के अनुसार सूचना/अभिलेख ई०आर०पी० पोर्टल (ERP Portal) पर सम्बंधित कार्मिक की सैप आई0डी0 पर अपलोड करना वांछनीय है:-

1. सेवा-पुस्तिका की प्रथम पृष्ठ के साथ-साथ तकनीशियन के पद पर नियुक्ति/पदोन्नति/कार्यभार ग्रहण करने की तिथि एवं स्थायीकरण से सम्बन्धित आदेश।
2. हाईस्कूल /आई०टी०आई०/डिप्लोमा/डिग्री जो दिनांक 30.06.2024 तक निर्गत हो, से सम्बन्धित अभिलेख व उच्च शिक्षा हेतु ली गयी अनुमति-आदेश की सत्यापित प्रति।

3. सम्बन्धित तकनीशियन कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही / वार्षिक वेतन वृद्धि रोके जाने की शास्ति / विविध प्रकीर्ण/न्यायालय-वाद/ट्रैप/जांच/निलम्बन/सेवा अनिरन्तरता व अन्य इत्यादि से सम्बन्धित मामले प्रचलित है अथवा पूर्व में प्रचलित रहते हुए सादण्ड समाप्त हो गये हो, से सम्बन्धित मामलो की सम्पूर्ण सूचनाओं का विवरण।

उक्त 40% कोटे की सूची को संलग्न कर प्रेषित है कि उक्त सूची में अंकित तकनीशियन कार्मिको के उल्लिखित विवरणों को सम्बन्धित कार्यालय द्वारा सेवा-पुस्तिका/अभिलेखों के आधार पर भली-भांति जांच करते हुए उपरोक्त बिन्दुओं के अनुसार वांछित सूचना को ERP Portal पर दिनांक 07.01.2025 तक शीर्ष प्राथमिकता पर अवश्यमेव अपलोड करने हेतु कृपया अपने स्तर से सभी संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें। साथ ही डिस्कॉम / ट्रान्सकों स्तर से अपेक्षित है कि इस कार्यालय द्वारा प्रेषित उक्त सूचियों से सम्बन्धित तकनीशियन कार्मिकों के सैप आई0डी0 (SAP ID) सम्बन्धी विवरण को इस पत्र के साथ संलग्न Excel Sheet पर अंकित करते हुए संकलित सूचना Soft Copy के माध्यम से ईमेल आई0डी0 pa2.hydel@uppcl.org पर

प्रेषित करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें ।

नोट:-

**1. अगर किसी कार्मिक के अभिलेख ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड़ नहीं होते है एवं कार्मिक प्रोन्नति से वंचित हो जाता है तो समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित कार्यालय की होगी।**

**2. अवर अभियन्ता(वि0 एवं यां0) दिव्यांगजन आरक्षित पद हेतु दिव्यांगजन तकनीशियन कार्मिक जिनकी तकनीशियन के पद पर 10 वर्ष की सेवा पूर्ण हो चुकी हो, उनकी संकलित सूची प्राथमिकता पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

3. **पूर्व में प्रेषित की गयी तकनीशियन कार्मिको की सूचना में यदि कोई परिवर्तन है तो उसकी सूचना भी इस कार्यालय को उक्त तिथि तक शीर्ष प्राथमिकता पर ERP Portal पर अपलोड कराते हुए ईमेल आई0डी0 pa2.hydel@uppcl.org पर पुष्टीकरण कराने का कष्ट करें।**

**संलग्नक: यथोक्त ।**

**भवदीय,**

30.12.24

**(उत्तम कुमार सक्सेना)**
**मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. निदेशक (का०प्र० एवं प्रशा०), उ०प्र० पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निदेशक (का०प्र० एवं प्रशा०), मध्यांचल / पूर्वांचल / पश्चिमांचल / दक्षिणांचल / केस्को, विद्युत वितरण निगम लि०, लखनऊ/वाराणसी / मेरठ/आगरा /कानपुर।
3. निदेशक (का०प्र० एवं प्रशा०), उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (जानपद), उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
5. अधिशासी अभियन्ता-वेब, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को इस आशय से प्रेषित कृपया उक्त सूचना कॉरपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।